दैनिक
# विश्वनाथ समाचार
RNI NO. MPHIN/25/A4357
संदीप परमार (सेन)
(प्रधान संपादक)
मो. 9755161156
www.vishwanathsamachar.com | इंदौर, बुधवार 18 नवम्बर 2026 | वर्ष 1 | कुल पृष्ठ : 8 | DIGITAL EDITION

## क्वॉड सम्मेलन से भारत को क्या मिलेगा?

**मोदी रवाना, हिंद-प्रशांत से लेकर चीन और समुद्री सुरक्षा तक कई मुद्दों पर भारत अपने रणनीतिक हित साधने की कोशिश करेगा**



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्वॉड सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गए हैं। भारत के लिए यह बैठक केवल कूटनीतिक मुलाकात नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने रणनीतिक और आर्थिक हित मजबूत करने का अवसर भी है। क्वॉड में भारत के साथ अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

बैठक में समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, आपूर्ति श्रृंखला, साइबर सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे मुद्दे प्रमुख रह सकते हैं। भारत के लिए सबसे अहम चुनौती चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच रणनीतिक संतुलन बनाए रखना है। नई दिल्ली क्वॉड के जरिए हिंद-प्रशांत में अपनी भूमिका मजबूत कर सकता है, लेकिन साथ ही रूस, अमेरिका और दूसरे साझेदारों के साथ अपने स्वतंत्र संबंधों को भी संतुलित रखना होगा। इसके अलावा महत्वपूर्ण खनिज, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग भारत की आर्थिक जरूरतों के लिए अहम हो सकता है। ऐसे में क्वॉड बैठक भारत के लिए सुरक्षा के साथ कारोबार और तकनीकी साझेदारी का भी बड़ा मंच है।

## दिल्ली में यमुना की सफाई को लेकर घमासान


राजधानी दिल्ली में छठ महापर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता (Rekha Gupta) ने भी यमुना घाट पहुंचकर छठ पूजा में हिस्सा लिया और श्रद्धालुओं के साथ पर्व मनाया। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने यमुना की सफाई को लेकर एक वीडियो जारी कर दिल्ली सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। बीजेपी की दिल्ली इकाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो साझा करते हुए लिखा, "दिल्ली में इस बार भव्य और दिव्य छठ मना। मात्र 2 साल के अंदर दिल्ली की यमुना को आधे से ज्यादा साफ करके सरकार ने उसमें धूमधाम से महापर्व मनाया।" पार्टी ने वीडियो के जरिए दावा किया कि इस बार यमुना में पहले की तुलना में सफाई की स्थिति बेहतर रही और छठ महापर्व का आयोजन भव्य तरीके से किया गया।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना के तट पर आयोजित छठ पूजा में हिस्सा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना की और पर्व के आयोजन को लेकर खुशी जताई। मुख्यमंत्री ने छठ पूजा समितियों, श्रद्धालुओं और आयोजन में योगदान देने वाले लोगों का आभार भी व्यक्त किया।

**दशकों का इंतजार खत्म करने आ सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी,**

# इंदौर से धार तक दौड़ेगी ट्रेन, पीथमपुर को मिलेगी रफ्तार



संदीप परमार (सेन)
प्रधान संपादक-9755161156
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com




**पीथमपुर**। इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के तहत टीही से धार तक 47.14 किलोमीटर लंबे रेलखंड पर नियमित यात्री और मालगाड़ी संचालन का रास्ता साफ हो गया है। रेल सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने निरीक्षण के बाद इस रेलखंड पर ट्रेन संचालन को मंजूरी दे दी है। इस उपलब्धि के बाद अब सबकी निगाहें नियमित ट्रेन सेवा शुरू होने और परियोजना के औपचारिक शुभारंभ पर टिकी हैं। केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर के संकेतों के अनुसार दिसंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस रेल परियोजना का शुभारंभ कर सकते हैं। हालांकि कार्यक्रम की तारीख और अंतिम रूप से पुष्टि होना अभी बाकी है। टीही से धार तक तैयार रेलखंड पर मुख्य ट्रैक पर ट्रेनें अधिकतम 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकेंगी। टीही टनल के भीतर अधिकतम गति 80 किलोमीटर प्रति घंटे निर्धारित की गई है, जबकि लूप लाइन पर गति 15 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रिक इंजन का स्पीड ट्रायल भी किया गया, जिसमें 124 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति दर्ज होने की जानकारी दी गई है।

इस रेलखंड की सबसे महत्वपूर्ण संरचनाओं में पश्चिमी रेलवे की करीब तीन किलोमीटर लंबी टीही टनल शामिल है। आपात स्थिति में निकासी के लिए लिफ्ट, सीढ़ियां और फायर-प्रूफ दरवाजे लगाने से जुड़े निर्देश दिए गए हैं। इस रेल परियोजना का महत्व केवल यात्री सुविधा तक सीमित नहीं है। पीथमपुर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में शामिल है। इंदौर-धार रेल संपर्क मजबूत होने से भविष्य में माल परिवहन के नए विकल्प विकसित करने की संभावनाएं बनेंगी।

**नियमित यात्री ट्रेन सेवा शुरू होने से धार और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को इंदौर आने-जाने के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा**

विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग, व्यापारी और रोजमर्रा के कामों से यात्रा करने वाले नागरिक इससे लाभान्वित हो सकते हैं। इंदौर-दाहोद रेल परियोजना को वर्ष 2005 में मंजूरी मिली थी। वर्ष 2008 में भूमिपूजन हुआ और निर्माण कार्य शुरू किया गया। अब टीही से धार तक के रेलखंड को सीआरएस की मंजूरी मिलना इस लंबे सफर का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है।

# सपा-कांग्रेस में सीटों पर आज मंथन

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर आज नई दिल्ली में औपचारिक बातचीत शुरू होगी। कांग्रेस ने इस प्रक्रिया के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। कांग्रेस की ओर से उत्तर प्रदेश में 181 सीटों की मांग रखी गई है। अब बातचीत में दोनों दल अपने-अपने दावे और जमीनी स्थिति सामने रखेंगे। सीटों का बंटवारा विपक्षी गठबंधन के लिए अहम मुद्दा बन गया है। बैठक में किन सीटों पर किस दल की मजबूत स्थिति है, उम्मीदवारों की संभावित जीत और स्थानीय राजनीतिक समीकरण जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। अब देखना होगा कि कांग्रेस के 181 सीटों के दावे पर सपा का रुख क्या रहता है और दोनों दल किसी सहमति तक कितनी जल्दी पहुंचते हैं।




आगामी चुनाव में गठबंधन की रणनीति काफी हद तक इसी सीट बंटवारे पर निर्भर करेगी।

दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, बुधवार 18 नवम्बर 2026

# 11 दिसंबर को गांव-गांव, शहर-शहर गूंजेगा वीरांगना पुरी मां कीर का जयघोष

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। वीरांगना पुरी मां कीर की जयंती 11 दिसंबर को प्रदेशभर में उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक एकता के साथ मनाने का आह्वान किया गया है। गांव-गांव, शहर-शहर और जिला स्तर पर भव्य शोभायात्राएं निकालने, जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं भव्य स्वागत करने तथा हर घर में मां पुरी का पूजन करने की अपील की गई है। कीर समाज सेवा संगठन के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल चांदना ने कहा कि 11 दिसंबर समाज की एकजुटता और गौरव का ऐतिहासिक अवसर बनना चाहिए। हर जिले में भव्य यात्रा निकले, हर गांव में पूजन हो और नई पीढ़ी को मां पुरी के त्याग, साहस एवं बलिदान की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन, युवाओं की सक्रियता और मातृशक्ति की सहभागिता से ही ऐसे आयोजन ऐतिहासिक बनते हैं। सभी सामाजिक संगठनों और क्षेत्रीय इकाइयों को अभी से तैयारियों में जुटना चाहिए।



# दो गुटों में जमकर मारपीट

## दुकान बंद कराने की शिकायत पर दो गुटों में जमकर मारपीट, तलवार-लाठी और रॉड से हमले के साथ हुआ पथराव; एक युवक गंभीर घायल

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

पीथमपुर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के हाउसिंग बोर्ड चौराहे पर सोमवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच जमकर विवाद हो गया। आरोप है कि हमले में तलवार, लाठी और लोहे की रॉड का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान आमिर खान नामक युवक के सिर में गंभीर चोट आई। परिजनों के मुताबिक उसके सिर में 25 से अधिक टांके आए हैं। करीब आधे घंटे तक चले हंगामे के दौरान दो कारों में भी तोड़फोड़ की गई। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल फैल गया। विवाद की शुरुआत किशनगंज थाना क्षेत्र से हुई थी। शिकायतकर्ता गोविंद जायसवाल के बेटे ने राकेश बोस के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया



था कि राकेश भारत पेट्रोल पंप के पास शराब बेचता है। इसी शिकायत और दुकान बंद करवाने की बात को लेकर 16 नवंबर को सावारिया रेस्टोरेंट पर बातचीत के दौरान विवाद की स्थिति बनी। सोमवार रात करीब 10 बजे हाउसिंग बोर्ड चौराहे पर एक ब्रेजा कार से कुछ लोग आए और आमिर व इमलाक की कार के सामने अपनी गाड़ी खड़ी कर रास्ता रोक लिया। शिकायत के अनुसार कार से राकेश बोस, बंटी पटेल, रोहित प्रजापति सहित अन्य लोग उतरे। उनके हाथों में लाठी और रॉड थीं। इसके बाद आमिर और इमलाक के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने आमिर को तलवार, लात-घूंसों और थप्पड़ों से पीटा। इसी दौरान एक व्यक्ति ने उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया। चोट लगने से सिर से खून निकलने लगा और आमिर बेहोश होकर वहीं गिर गया। घायल आमिर को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मारपीट के दौरान हाउसिंग बोर्ड चौराहे पर खड़ी एक स्कॉर्पियो और एक ब्रेजा कार को भी निशाना बनाया गया। दोनों वाहनों के कांच फोड़ दिए गए। घटना के बाद क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। घटना की सूचना मिलने पर सेक्टर-1 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो और ब्रेजा को जब्त किया।

# मौसम में ठंडक घुलते ही खेतों में रबी सीजन की हलचल तेज

## गेहूं की फसल को पहली सिंचाई देने में जुटे किसान, गेहूं के रकबे में कमी तो लहसुन की खेती बढ़ने के आसार



फोटो कैप्शन : रबी सीजन के तहत खेतों में गेहूं की फसल को सिंचाई करते किसान।

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

**देपालपुर। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। सुबह ठंडी हवाओं और दोपहर की गुनगुनी धूप के बीच गांवों में रबी सीजन की खेती ने रफ्तार पकड़ ली है। खेतों में कहीं ट्रैक्टर से जमीन तैयार की जा रही है तो कहीं मोटर पंप चलाकर गेहूं की फसल को पहली सिंचाई दी जा रही है।**

गेहूं की बोवनी कर चुके किसान इन दिनों सुबह से ही खेतों में पहुंचकर सिंचाई और फसलों की देखभाल में जुटे हैं। खेतों में बहता पानी और मिट्टी की सोंधी खुशबू रबी सीजन की शुरुआत का अहसास करा रही है। शुरुआती दौर में फसल की अच्छी बढ़वार के लिए किसान सिंचाई पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इस बार पानी की उपलब्धता और सिंचाई के साधनों को देखते हुए फसलों के रकबे में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। गेहूं का रकबा कुछ घटने के आसार हैं, वहीं लहसुन सहित अन्य फसलों की खेती को किसान प्राथमिकता दे रहे हैं। इधर, कृषि कार्यों के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार किसानों को दिन और रात में कुल 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। किसान तय समय में सिंचाई पूरी करने में जुटे हैं। आने वाले दिनों में खेतों में गेहूं की हरी चादर और लहसुन की कतारें ग्रामीण अंचल की कृषि गतिविधियों की तस्वीर बदलती नजर आएंगी।

# राठौर ट्रांसपोर्ट के संचालक कमल राठौर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पितृ पर्वत के पास झाड़ियों में मिला शव

**जहर खाने से मौत की आशंका, गांधीनगर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा; मौत के कारणों की जांच में जुटी पुलिस**

इंदौर। ग्रामीण क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े राठौर ट्रांसपोर्ट के संचालक कमल राठौर (पिता रतनलाल राठौर), निवासी कालानी नगर, इंदौर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार सुबह उनका शव पितृ पर्वत के समीप फिल्टर स्टेशन के पास झाड़ियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कारोबारी की मौत जहर खाने से होना बताई जा रही है।



हालांकि उन्होंने किन परिस्थितियों में और किस कारण से जहरीला पदार्थ खाया, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है। गांधीनगर थाना प्रभारी अनिल यादव के अनुसार मंगलवार सुबह पितृ पर्वत के पास फिल्टर स्टेशन के नजदीक झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पहचान कमल राठौर के रूप में हुई, जो राठौर ट्रांसपोर्ट के संचालक थे और कालानी नगर क्षेत्र के निवासी थे। पुलिस ने मौके पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए मौका पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# 1800 एकड़ में फैला समुद्र जैसा देपालपुर का ऐतिहासिक तालाब सूखने की कगार पर, कहीं पानी तो कहीं मैदान नजर आ रहा जलाशय

कभी बारिश में समुद्र जैसा दिखता था तालाब, अब खाली हिस्सों में क्रिकेट खेल रहे बच्चे; पट्टेधारी किसानों की फसलें भी बेमौसम बारिश की भेंट चढ़ीं

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। प्रदेश के दूसरे नंबर का विशाल तालाब कहलाने वाला देपालपुर का ऐतिहासिक जलाशय इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति को लेकर चर्चा में है। करीब 1800 एकड़ क्षेत्र में फैला यह तालाब नवंबर माह के मध्य में ही कई स्थानों पर सूखा और खाली नजर आने लगा है। कभी बारिश के दिनों में समुद्र जैसा विशाल स्वरूप धारण करने वाले इस तालाब में अब कुछ स्थानों पर पानी के छोटे-छोटे डोबने ही दिखाई दे रहे हैं। हालात यह हैं कि तालाब के बड़े खाली हिस्से अब मैदान में तब्दील हो गए हैं, जहां गांव के बच्चे क्रिकेट और अन्य खेल गतिविधियां करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इस वर्ष बारिश के दौरान भी तालाब में अपेक्षाकृत कम पानी दिखाई दिया था। अब नवंबर के आधे माह में ही जलस्तर घटने के साथ तालाब का बड़ा हिस्सा खाली हो चुका है। हनुमानगढ़ी स्थित 24 अवतार मंदिर के नीचे का क्षेत्र भी पानी से खाली नजर आ रहा है। जहां कभी लहराता हुआ पानी तालाब की विशालता का अहसास कराता था, वहीं अब बच्चे क्रिकेट खेलते दिखाई दे रहे हैं। तालाब का यह बदला हुआ स्वरूप देखकर स्थानीय लोग भी हैरान हैं।



### कभी समुद्र जैसा नजारा देखने उमड़ते थे पर्यटक

देपालपुर के इस विशाल तालाब की पहचान आसपास के क्षेत्रों में एक प्रमुख आकर्षण के रूप में रही है। बारिश के दिनों में जब तालाब लबालब भर जाता था, तब इसका नजारा समुद्र जैसा दिखाई देता था। जलाशय की विशालता और चारों ओर फैला पानी देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक पहुंचते थे। लेकिन वर्तमान स्थिति में तालाब का अधिकांश हिस्सा खाली नजर आने से इसकी पुरानी रौनक गायब दिखाई दे रही है। ग्रामीणों के बीच तालाब के घटते जलस्तर और इसके भविष्य को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

### तालाब की जमीन पर खेती कर परिवारों का चलता है भरण-पोषण

तालाब में पानी का स्तर कम होने के बाद प्रतिवर्ष पट्टाधारी किसान अपने निर्धारित पट्टों के अनुसार खाली और नमीयुक्त जमीन पर विभिन्न फसलों की खेती करते हैं। तालाब की जमीन में मौजूद प्राकृतिक नमी के कारण फसलों को सामान्य खेतों की तुलना में कम सिंचाई की आवश्यकता पड़ती है। यही वजह है कि भोई समाज के कई परिवारों की आजीविका इस खेती पर निर्भर है। किसान दिन-रात मेहनत कर तालाब की खाली जमीन पर फसलें तैयार करते हैं और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

### बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर फेरा पानी

भोई समाज के किसानों ने बताया कि इस वर्ष भी प्रतिवर्ष की तरह तालाब की खाली जमीन पर बड़े पैमाने पर विभिन्न फसलों की बुवाई की गई थी। किसानों को अच्छी पैदावार और बेहतर आमदनी की उम्मीद थी, लेकिन मौसम की मार और बेमौसम बारिश के चलते फसलों की स्थिति खराब हो गई। किसानों का कहना है कि इस बार फसल उत्पादन प्रभावित होने से उनकी लागत पूंजी निकालना भी मुश्किल दिखाई दे रहा है। पहले ही खेती में मेहनत और पूंजी लगाई जा चुकी है, ऐसे में फसल खराब होने से परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होने की आशंका है

### तालाब का बदलता स्वरूप बना चर्चा का विषय

एक ओर विशाल तालाब का बड़ा हिस्सा खाली मैदान के रूप में नजर आ रहा है, तो दूसरी ओर इसी जमीन पर खेती करने वाले किसानों की मेहनत मौसम की मार से प्रभावित हो रही है। कभी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहने वाला यह जलाशय आज अपने बदले हुए स्वरूप के कारण चर्चा में है। ग्रामीणों के मन में सवाल है कि आखिर बारिश के मौसम में भी तालाब में पर्याप्त जलभराव क्यों नहीं हो पाया और नवंबर आते-आते इसका अधिकांश हिस्सा खाली कैसे हो गया। तालाब के जलस्तर, जलग्रहण क्षेत्र और पानी के संरक्षण को लेकर भी गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से परेशान करने वाला आरोपी गिरफ्तार

विश्वनाथ समाचार -राजू दैवड़ा
www.vishwanathsamachar.com

मनावर। फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर महिला एवं उसके परिजनों को अश्लील गालियां तथा आपत्तिजनक फोटो भेजकर परेशान करने वाले आरोपी को मनावर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीड़िता की शिकायत पर मनावर पुलिस ने धारा 351(4), 79 बीएनएस एवं 67 आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों एवं साइबर सेल धार की सहायता से आरोपी की पहचान अंकित पिता पवन कसेरा, उम्र 30 वर्ष, निवासी विवेकानंद कॉलोनी, जावरा, जिला रतलाम के रूप में हुई। पुलिस ने उसे जावरा से अभिरक्षा में लिया। विवेचना में सामने आया कि आरोपी पीड़िता का पति है। दोनों के बीच दहेज प्रताड़ना का प्रकरण न्यायालय मनावर में विचाराधीन है। इसी विवाद के चलते आरोपी ने दबाव बनाने एवं बदनाम करने के उद्देश्य से दो फर्जी आईडी बनाकर आपत्तिजनक संदेश भेजे थे। आरोपी के कब्जे से दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन जप्त किए गए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।



## देदला टोल नाके के पास हादसे में किसान की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने आईसर में लगाई आग

विश्वनाथ समाचार -राजू दैवड़ा
www.vishwanathsamachar.com

**मनावर**। देदला टोल नाके के पास मंगलवार शाम आईसर की टक्कर से बाइक सवार 30 वर्षीय किसान की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आईसर वाहन में आग लगा दी। ग्राम देवल निवासी लखन पिता सुरेंद्र बाइक पर खाद लेकर खेत जा रहा था। मनावर से सिंघाना की ओर जा रहे आईसर ने उसे टक्कर मार दी। घायल लखन को मनावर सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी राजेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आईसर चालक फरार है। पुलिस जांच कर रही है।

## ब्लॉक कांग्रेस गौतमपुरा द्वारा 18 एवं 19 नवंबर को 28 पंचायतों और गांवों में ग्राम चौपाल एवं जनसंपर्क अभियान



अजय भावसार
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

गौतमपुरा। ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी, गौतमपुरा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने, आमजन की समस्याओं को सुनने, कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण (SIR) अभियान को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 18 एवं 19 नवंबर 2026 को दो दिवसीय ग्राम चौपाल एवं जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से सत्यनारायण पटेल (राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक), ऋतुराज सिंह (विधानसभा प्रभारी), प्रफुल्ल शर्मा (ब्लॉक प्रभारी), राधेश्याम पटेल (पूर्व जिला संघ अध्यक्ष), मोती सिंह पटेल एवं उमराव सिंह मौर्य उपस्थित रहेंगे।

### 18 नवंबर, बुधवार

चंबल प्रातः 9 बजे, फूलान 9:30 बजे, गिरोता 10:30 बजे, कुलाला 11 बजे, गड़ी बिलोदा 11:30 बजे, जलोदिया ज्ञान दोपहर 12:15 बजे, पाडल्या दोपहर 1 बजे, धर्माट दोपहर 1:30 बजे, चांदनखेड़ी दोपहर 2 बजे, कनवास दोपहर 2:30 बजे, गुडर दोपहर 3 बजे, सुनाला शाम 4 बजे, करजोदा शाम 4:30 बजे एवं कटकौदा शाम 5 बजे।

### 19 नवंबर, गुरुवार

तलावली प्रातः 9 बजे, खरसोड़ा 9:30 बजे, रलायता 10:30 बजे, बछोड़ा 11:15 बजे, अत्याना दोपहर 12 बजे, सांतेर दोपहर 12:30 बजे, गोकलपुर दोपहर 1:30 बजे, फरकोदा दोपहर 2 बजे, मेढकवास दोपहर 2:30 बजे, पितावली दोपहर 3:30 बजे, काई दोपहर 3:30 बजे, कड़ौदा शाम 4:15 बजे, भील बड़ोली शाम 5 बजे एवं छड़ोदा शाम 5:30 बजे।

### कार्यक्रम के दौरान

ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना जाएगा। साथ ही संगठन की मजबूती, पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा SIR अभियान एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन चौधरी ने समस्त पदाधिकारियों, मंडलम अध्यक्षों, पंचायत अध्यक्षों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं से दोनों दिवसों के कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है।

दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, बुधवार 18 नवम्बर 2026

# चौबीस अवतार महातीर्थ की गौशाला में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गोपाष्टमी

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। चौबीस अवतार मंदिर महातीर्थ स्थित गौशाला में गोपाष्टमी का पर्व गौ शाला समिति द्वारा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौ माता का विशेष श्रृंगार कर उन्हें छप्पन भोग अर्पित किया गया। गौ माता को मेंहदी लगाकर व वस्त्र पहनाकर पूरे विधि-विधान से गौ पूजन एवं महाआरती की गई। यह गौशाला क्षेत्र की सबसे उन्नत गौशालाओं में शुमार है, जहां 200 से अधिक गायों की नियमित सेवा और देखभाल की जाती है। गर्मी में गायों को राहत देने के लिए फव्वारे लगाए गए हैं, वहीं गौ माताओं को मधुर भजन सुनाने के लिए स्पीकर भी लगाए गए हैं। श्रद्धालु यहां दर्शन के साथ कुछ समय बिताने और आध्यात्मिक सुकून पाने के लिए पहुंचते हैं। गौशाला की विशेष परंपरा है कि श्रद्धालु समय-समय पर अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार गौ माता को छप्पन भोग अर्पित करते हैं। कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के सचिव चिंटू वर्मा, गौशाला







समिति अध्यक्ष विजय मंडोवरा, सचिव मुरलीधर शर्मा, कोषाध्यक्ष योगेंद्र यादव, नगर परिषद अध्यक्ष अनीता महेश पुरी, पप्पू यादव, विमल वर्मा, राजेश महेश्वरी सहित आचार्य राजेश शर्मा एवं डॉ. अंकित चौधरी, महेंद्र राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी सहभागिता की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपरा का अभिन्न आधार हैं। गौ सेवा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्राणियों के प्रति करुणा, संवेदना और समर्पण का प्रतीक है।

## नर्मदा-मालवा-गंभीर लिंक परियोजना की बंद सिंचाई पाइपलाइन चालू करने की मांग को लेकर किसानों ने देपालपुर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन





जीवन डोडिया
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। नर्मदा-मालवा-गंभीर लिंक परियोजना के अंतर्गत ग्राम नांद्रा, शाहपुरा एवं नौगामा के किसानों की लंबे समय से बंद पड़ी सिंचाई पाइपलाइन को तत्काल चालू करने की मांग को लेकर भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के तत्वावधान में एसडीएम कार्यालय देपालपुर में ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन संगठन के प्रदेश सचिव चंदन सिंह बड़वाया के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में रबी फसलों की सिंचाई का महत्वपूर्ण समय चल रहा है। पाइपलाइन बंद होने के कारण ग्राम नांदरा, शाहपुरा और नौगामा के किसानों को खेतों में पानी नहीं मिल पा रहा है। सिंचाई के अभाव में किसानों की फसलें सूखने की कगार पर हैं, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश सचिव चंदन सिंह बड़वाया ने प्रशासन से मांग की है कि तकनीकी खराबी या अन्य कारणों से बंद पड़ी इस सिंचाई लाइन को युद्धस्तर पर सुधार कर तत्काल शुरू किया जाए, ताकि किसान समय पर अपनी फसलों की सिंचाई कर सकें। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पानी की सप्लाई बहाल नहीं की गई, तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम नांदरा, शाहपुरा और नौगामा के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# सांवरिया सेठ के दरबार में देपालपुर के भक्त की अनूठी भेंट
# प्याज के बीज रखने के लिए चांदी का विशेष बॉक्स किया अर्पित

**रजत कलाकृति में झलकी आस्था, खेती-किसानी और अन्नदाता के प्रति सम्मान की भावना क्षेत्र के किसानों की खुशहाली, अच्छी पैदावार और समृद्धि के लिए प्रभु से की मंगलकामना**

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

**देपालपुर। भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा जब अपनी माटी, परंपरा और अन्नदाता के सम्मान से जुड़ती है तो कुछ ऐसा अनूठा उदाहरण सामने आता है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसी ही एक अनूठी धार्मिक भेंट देपालपुर के भक्त रवि घनश्याम पटेल (खिमलावदा) ने भगवान श्री सांवरिया सेठ जी के चरणों में अर्पित की है।**

उन्होंने अपने आराध्य प्रभु के लिए चांदी से निर्मित विशेष एवं आकर्षक बॉक्स भेंट किया है, जिसे विशेष रूप से प्याज के बीज (कण) रखने के उद्देश्य से तैयार करवाया गया है। यह भेंट अपनी विशिष्ट बनावट के साथ-साथ इसके पीछे छिपी भावना के कारण भी खास महत्व रखती है। आमतौर पर श्रद्धालु अपने आराध्य देव को सोने-चांदी के आभूषण, मुकुट, छत्र और विभिन्न प्रकार की धार्मिक सामग्री अर्पित करते हैं, लेकिन रवि पटेल ने खेती-किसानी से जुड़े एक महत्वपूर्ण तत्व प्याज के बीज को केंद्र में रखकर चांदी का बॉक्स तैयार करवाया। उनकी यह पहल दर्शाती है कि किसान के जीवन में बीज का कितना महत्व है। एक छोटा सा बीज ही किसान की उम्मीद, मेहनत और पूरे परिवार के भविष्य की खुशहाली का आधार होता है। इसी भावना को प्रभु के चरणों में समर्पित करते हुए उन्होंने यह विशेष भेंट अर्पित की।



अंकित सोनी संचालक श्री नागेश्वर ज्वेलर्स (चांदी वाला)

### किसानों की खुशहाली के लिए प्रभु के दरबार में लगाई अरदास

इस भेंट के पीछे भक्त की व्यक्तिगत श्रद्धा के साथ पूरे किसान समाज के कल्याण की भावना जुड़ी हुई है। रवि पटेल ने भगवान श्री सांवरिया सेठ जी से प्रार्थना की कि देपालपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त किसान भाइयों पर प्रभु की विशेष कृपा बनी रहे।

किसानों को उनकी मेहनत का उचित फल मिले, खेतों में भरपूर पैदावार हो, फसलें अच्छी




हों और कृषि कार्य में आने वाली परेशानियां दूर हों। हर किसान परिवार आर्थिक रूप से मजबूत बने तथा गांवों में सुख-समृद्धि और खुशहाली का वातावरण बना रहे। बीज से समृद्धि तक, भेंट में समाहित है किसान की उम्मीद प्याज का बीज किसान के लिए केवल खेती की शुरुआत नहीं, बल्कि आने वाले पूरे कृषि सीजन की उम्मीद होता है।

बीज की गुणवत्ता, अनुकूल मौसम और मेहनत के दम पर किसान अपनी फसल तैयार करता है। ऐसे में प्याज के बीज को सुरक्षित रखने के लिए चांदी का विशेष बॉक्स प्रभु को अर्पित करना अपने आप में एक भावनात्मक और प्रतीकात्मक पहल है। इस भेंट के माध्यम से भक्त ने मानो किसान की मेहनत, उसके पसीने और खेतों में लहलहाती फसल के सपने को सांवरिया सेठ के चरणों में समर्पित किया है।

### देपालपुर के कारीगरों की कलाकारी भी आई सामने

इस अनूठी भेंट को आकर्षक स्वरूप देने का कार्य देपालपुर के प्रतिष्ठित श्री नागेश्वर ज्वेलर्स (चांदी वाला) द्वारा किया गया। चांदी से निर्मित इस विशेष बॉक्स को तैयार करने में कलात्मकता और बारीकी का ध्यान रखा गया। स्थानीय स्तर पर तैयार हुई इस रजत कलाकृति ने एक बार फिर देपालपुर के स्वर्ण-रजत आभूषण निर्माण से जुड़े हुनर को भी सामने लाया है।

### आस्था के साथ सामाजिक सरोकार का संदेश

रवि घनश्याम पटेल की यह भेंट इस मायने में भी विशेष है कि इसमें व्यक्तिगत मनोकामना के बजाय समूचे किसान समाज की उन्नति और खुशहाली की कामना प्रमुखता से दिखाई देती है। धार्मिक आस्था को कृषि और किसान कल्याण की भावना से जोड़ने वाली यह अनूठी पहल क्षेत्र में चर्चा और सराहना का विषय बनी हुई है। चांदी के इस बॉक्स के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया है कि किसान की समृद्धि ही गांव, समाज और देश की समृद्धि का आधार है।

# क्यों तुलसी विवाह के बाद शुरू होते हैं शादी-विवाह?

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देवउठनी एकादशी के बाद तुलसी विवाह को मांगलिक कार्यों की शुरुआत से जोड़कर देखा जाता है। 21 नवंबर 2026 को तुलसी विवाह मनाया जाएगा। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार महीने के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं।

इस दौरान विवाह जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु के जागने के बाद मांगलिक कार्यों के लिए शुभ समय की शुरुआत मानी जाती है। इसके अगले दिन तुलसी विवाह की परंपरा



निभाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन माता तुलसी और भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप का विवाह कराया जाता है। धार्मिक कथाओं में तुलसी को भगवान विष्णु की प्रिय और पवित्र स्वरूप माना गया है। इसी वजह से तुलसी विवाह के बाद विवाह, गृह प्रवेश और अन्य शुभ कार्य शुरू करने की परंपरा कई क्षेत्रों में प्रचलित है। हालांकि विवाह की वास्तविक तिथि और शुभ मुहूर्त पंचांग तथा स्थानीय परंपरा के अनुसार तय किए जाते हैं।

# गुड़ से देसी घी तक, सर्दियों की तैयारी अभी से

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

**मौसम बदलते ही शरीर पर असर पड़ने लगता है। खान-पान में थोड़े बदलाव से सर्दियों में शरीर को ऊर्जा और जरूरी पोषण मिल सकता है।**

सर्दियों की शुरुआत से ही खाने में गुड़, तिल, मूंगफली, बाजरा, ज्वार और सूखे मेवे शामिल किए जा सकते हैं। गुड़ और तिल शरीर को ऊर्जा देने के साथ ठंड के मौसम में पारंपरिक रूप से खूब खाए जाते हैं।

दूध या भोजन में सीमित मात्रा में देसी घी शामिल करना भी उपयोगी हो सकता है। इसके अलावा आंवला, संतरा, अमरूद जैसे फल विटामिन-सी के अच्छे स्रोत हैं और संतुलित आहार का हिस्सा बन सकते हैं। अदरक, हल्दी



और लहसुन जैसे मसालों का इस्तेमाल भी भोजन का स्वाद और पोषण बढ़ाता है। हालांकि किसी एक खाद्य पदार्थ से रोग प्रतिरोधक क्षमता अचानक नहीं बढ़ती। पर्याप्त नींद, नियमित शारीरिक गतिविधि, पानी और संतुलित आहार भी उतने ही जरूरी हैं। मधुमेह या अन्य बीमारी वाले लोग गुड़ और घी की मात्रा डॉक्टर की सलाह के अनुसार रखें।

# क्या होता है एनालॉग पनीर?

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

दूध से बने असली पनीर और एनालॉग पनीर में फर्क समझना जरूरी है, क्योंकि दोनों की गुणवत्ता और पोषण अलग हो सकता है। एनालॉग पनीर ऐसे उत्पाद को कहा जाता है जिसमें दूध के ठोस पदार्थों की जगह या उनके साथ वनस्पति वसा, स्टार्च, प्रोटीन और दूसरे घटकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका स्वाद और बनावट पनीर जैसी बनाई जाती है, लेकिन इसकी संरचना पारंपरिक दूध से बने पनीर से अलग होती है। ऐसे उत्पादों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री के आधार पर पोषण गुणवत्ता बदल सकती है। अधिक वसा या नमक वाला उत्पाद नियमित और ज्यादा मात्रा में खाने



पर संतुलित आहार के लिए ठीक नहीं माना जाता। वहीं, इसे सीधे जहरीला या हर व्यक्ति के लिए नुकसानदायक कहना भी सही नहीं है। खरीदते समय पैकेट पर खाद्य सामग्री, दूध वसा, वनस्पति वसा, प्रोटीन और नमक की मात्रा जरूर देखें। खुले में बिकने वाले पनीर की जगह विश्वसनीय स्रोत से उत्पाद लेना बेहतर है।

# कटे सेब का रंग क्यों पड़ता है भूरा?

**कटने के बाद सेब का भूरा होना आम प्रक्रिया है, लेकिन क्या इससे उसके पोषक तत्व भी खत्म हो जाते हैं?**



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.comसेब को काटते ही उसके अंदर का हिस्सा हवा के संपर्क में आता है। इसमें मौजूद एक एंजाइम ऑक्सीजन के साथ प्रतिक्रिया करता है, जिससे सेब की सतह पर भूरे रंग के यौगिक बनने लगते हैं।

इसे ऑक्सीकरण की प्रक्रिया कहा जाता है। यह बदलाव सेब के खराब होने का सीधा संकेत नहीं है और सामान्य तौर पर भूरा हुआ सेब खाना सुरक्षित होता है। हालांकि, कटे सेब को लंबे समय तक खुला छोड़ने पर स्वाद, ताजगी और कुछ पोषक तत्वों में कमी आ सकती है। खासकर हवा और प्रकाश के लंबे संपर्क से विटामिन-सी जैसे संवेदनशील पोषक तत्व प्रभावित हो सकते हैं।

सेब को भूरा होने से बचाने के लिए कटे टुकड़ों पर थोड़ा नींबू का रस लगाया जा सकता है या उन्हें कुछ समय के लिए बंद डिब्बे में रखकर ठंडा किया जा सकता है।

# प्रदूषण से बाल भी हो रहे हैं बेजान



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

धूल-धुएं का असर सिर्फ फेफड़ों और आंखों तक सीमित नहीं, सिर की त्वचा और बाल भी इसकी चपेट में आते हैं।

वायु प्रदूषण में मौजूद धूल, धुआं और महीन कण बालों और सिर की त्वचा पर जमकर रूखापन, खुजली और जलन पैदा कर सकते हैं। लगातार प्रदूषण के संपर्क में रहने से बालों की चमक कम होने के साथ वे कमजोर और बेजान भी नजर आ सकते हैं।

बालों को प्रदूषण से बचाने के लिए बाहर निकलते समय सिर को स्कार्फ या साफ कपड़े से ढकें। घर लौटने के बाद सिर की त्वचा और बालों को अच्छी तरह साफ करें। बहुत गर्म पानी से बाल न धोएं और जरूरत के अनुसार हल्का शैम्पू इस्तेमाल करें। बालों में नमी बनाए रखने के लिए कंडीशनर भी उपयोगी है।यदि सिर में लगातार खुजली, लालिमा, ज्यादा रूखापन या असामान्य रूप से बाल झड़ने की समस्या हो, तो त्वचा रोग विशेषज्ञ से सलाह लेना बेहतर है।

दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, बुधवार 18 नवम्बर 2026

# बच्चों के फ्यूचर के लिए कहां करें निवेश?

बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए निवेश करना हर माता-पिता की प्राथमिकता होती है। आज के समय में स्कूल की फीस से लेकर उच्च शिक्षा और विदेश में पढ़ाई तक का खर्च तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में अगर बच्चे के जन्म के साथ ही छोटी रकम से निवेश शुरू कर दिया जाए, तो आने वाले 15 से 18 साल में अच्छी-खासी बचत तैयार की जा सकती है। इसके लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF), सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) और म्यूचुअल फंड तीन लोकप्रिय विकल्प हैं। इन तीनों में निवेश का तरीका, मिलने वाला रिटर्न, जोखिम और पैसा निकालने के नियम अलग-अलग हैं। ऐसे में निवेश शुरू करने से पहले इनके फायदे और सीमाओं को समझना जरूरी है।

### हर महीने 3,000 जमा करने पर कितना बनेगा फंड?

मान लीजिए कोई माता-पिता अपने बच्चे के भविष्य के लिए हर महीने 3,000 रुपये निवेश करते हैं और लगातार 15 साल तक इस निवेश को जारी रखते हैं। इस हिसाब से सालाना निवेश 36,000 रुपये और 15 साल में कुल जमा राशि 5.40 लाख रुपये होगी। अब सवाल है कि अलग-अलग निवेश विकल्पों में यह रकम बढ़कर कितनी हो सकती है? इसका जवाब संबंधित योजना की ब्याज दर और निवेश पर मिलने वाले रिटर्न पर निर्भर करेगा।

### PPF में निवेश करने पर मिल सकता है करीब 9.6 लाख रुपये

पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी PPF उन माता-पिता के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है, जो सुरक्षित निवेश के साथ लंबे समय में फंड तैयार करना चाहते हैं। अक्टूबर-दिसंबर 2026 की तिमाही के लिए सरकार ने पीपीएफ पर 7.1 प्रतिशत सालाना ब्याज दर तय की है। इसमें ब्याज सालाना चक्रवृद्धि आधार पर मिलता है। अगर कोई व्यक्ति हर महीने 3,000 रुपये जमा करता है, तो 15 साल में उसका कुल निवेश 5.40 लाख रुपये होगा। मौजूदा ब्याज दर को पूरे 15 साल तक स्थिर मानकर किए गए अनुमान के अनुसार, मैच्योरिटी पर करीब 9.5 से 9.7 लाख रुपये का फंड बन सकता है। हालांकि ब्याज दरों में बदलाव होने पर अंतिम रकम भी बदल जाएगी। पीपीएफ की खासियत यह है कि यह सरकारी समर्थित योजना है और इसमें मिलने वाला ब्याज तथा मैच्योरिटी की रकम टैक्स के लिहाज से भी आकर्षक है।

### सुकन्या समृद्धि योजना में मिल सकता है ज्यादा ब्याज

अगर आपके घर में बेटी है और आप उसके भविष्य के लिए निवेश करना चाहते हैं, तो सुकन्या समृद्धि योजना एक अच्छा विकल्प हो सकती है। अक्टूबर-दिसंबर 2026 की तिमाही में इस योजना पर 8.2 प्रतिशत सालाना ब्याज मिल रहा है।

# 2 बीएचके से 1,000 करोड़ तक

## आईआईटी की पढ़ाई के बाद कॉर्पोरेट नौकरी छोड़ी, घर से शुरू किया घी-तेल का कारोबार; आज कंपनी करोड़ों के कारोबार की ओर

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

बेंगलुरु में आरामदायक कॉर्पोरेट नौकरी करने वाले एक आईआईटी स्नातक ने जब नौकरी छोड़कर अपना कारोबार शुरू करने का फैसला किया, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह छोटा कदम बड़े कारोबार में बदल जाएगा।



उन्होंने महज 2 बीएचके फ्लैट से घी और तेल बेचने का काम शुरू किया। शुरुआत सीमित संसाधनों से हुई, लेकिन ग्राहकों की बदलती पसंद और शुद्ध खाद्य उत्पादों की बढ़ती मांग को समझते हुए कारोबार का विस्तार किया गया। धीरे-धीरे कंपनी ने अपने उत्पादों की संख्या और बाजार पहुंच बढ़ाई। ऑनलाइन बिक्री के साथ दूसरे माध्यमों से भी कारोबार का विस्तार हुआ और कंपनी आज करीब 1,000 करोड़ रुपये के मूल्यांकन या कारोबार के स्तर तक पहुंचने की दिशा में बताई जा रही है। यह कहानी दिखाती है कि बड़े कारोबार की शुरुआत हमेशा बड़े निवेश या बड़े कार्यालय से नहीं होती।

# TVS में फिर घमासान

## बेटी लक्ष्मी वेणु ने पिता वेणु श्रीनिवासन से मांगा संपत्ति में बंटवारा, मामला अदालत तक पहुंचने के संकेत



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

TVS समूह के श्रीनिवासन परिवार में संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद गहराता दिख रहा है। रिपोर्टों के मुताबिक, वेणु श्रीनिवासन की बेटी लक्ष्मी वेणु ने पारिवारिक संपत्तियों के विभाजन की मांग उठाई है। इस विवाद के अदालत तक पहुंचने की संभावना भी जताई जा रही है। TVS समूह देश के बड़े कारोबारी परिवारों में गिना जाता है और इसके कारोबार की कई शाखाएं अलग-अलग पारिवारिक सदस्यों के पास हैं। ऐसे में संपत्ति और कारोबारी हिस्सेदारी का बंटवारा बेहद संवेदनशील मामला माना जा रहा है। विवाद सामने आने के बाद अब नजर इस बात पर है कि परिवार आपसी सहमति से समाधान निकालता है या मामला कानूनी लड़ाई में बदलता है। यदि मामला अदालत पहुंचता है तो संपत्ति, हिस्सेदारी और पारिवारिक समझौतों से जुड़े कई पहलू सामने आ सकते हैं।

# 26 नवंबर से पहले RBI का झटका?

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

टाटा संस की बोर्ड बैठक से पहले आरबीआई की चिट्ठी ने बढ़ाया दबाव, नोएल टाटा के सामने अब लिस्टिंग नियमों की चुनौती। भारतीय रिजर्व बैंक ने 26 नवंबर की प्रस्तावित बोर्ड बैठक से पहले टाटा संस को लिस्टिंग से जुड़े नियमों का पालन करने का निर्देश दिया है।

आरबीआई के इस रुख से टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के भविष्य को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। टाटा संस को आरबीआई के नियमों के तहत ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ऐसे में कंपनी पर शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने से जुड़े नियम लागू होते हैं। हालांकि, कंपनी लंबे समय से अपनी स्थिति को लेकर अलग विकल्पों पर विचार करती रही है। अब 26 नवंबर की बोर्ड बैठक से पहले आई आरबीआई की चिट्ठी ने नोएल टाटा के सामने चुनौती बढ़ा दी है। सवाल यही है कि क्या टाटा संस अपनी मौजूदा रणनीति पर कायम रह पाएगी या उसे नियामकीय निर्देशों के आगे लिस्टिंग की दिशा में बढ़ना पड़ेगा?

## भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 44% का उछाल,

# 31.97 अरब डॉलर के पार पहुंचा आंकड़ा

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

नई दिल्ली। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग तेजी से वैश्विक बाजार में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। देश से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के साथ 31.97 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 22.20 अरब डॉलर था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, स्मार्टफोन के साथ-साथ अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बढ़ती मांग ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में भारत की क्षमता बढ़ रही है, लेकिन कई महत्वपूर्ण छोटे पुर्जों और कंपोनेंट्स के लिए अब भी विदेशों पर निर्भरता बनी हुई है।

### स्मार्टफोन निर्यात बना सबसे बड़ी ताकत

भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में स्मार्टफोन की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा बनी हुई है। अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान स्मार्टफोन का निर्यात 35.8 प्रतिशत बढ़कर 18.17 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल इसी अवधि में यह 13.38 अरब डॉलर था। इससे साफ है कि वैश्विक कंपनियां भारत को स्मार्टफोन निर्माण और निर्यात के बड़े केंद्र के रूप में विकसित कर रही हैं। हालांकि, कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में स्मार्टफोन की हिस्सेदारी 60.3 प्रतिशत से घटकर 56.8 प्रतिशत रह गई है। इसकी मुख्य वजह दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में तेजी से हुई बढ़ोतरी है। यानी भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री अब केवल मोबाइल फोन के सहारे आगे नहीं बढ़ रही, बल्कि दूसरे उत्पादों में भी अपनी पकड़ मजबूत कर रही है।

# इंदौर में 10 करोड़ की रंगदारी

## विदेशी नंबरों से धमकी, गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम पर कारोबारी को डराने की कोशिश




विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

**इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट कारोबारी से कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा गिरोह के नाम पर 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।**

देवास नाका क्षेत्र में कारोबार करने वाले कारोबारी को लगातार चार दिन तक विदेशी नंबरों से फोन और आवाज संदेश भेजे गए। कॉलर ने खुद को सागर सिंह शेखावत बताते हुए गोदारा गिरोह से जुड़ा होने का दावा किया। रकम नहीं देने और पुलिस से शिकायत करने पर कारोबारी को घर से उठाने तथा गोली मारने की धमकी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंदौर अपराध शाखा ने प्रकरण दर्ज कर विशेष जांच दल गठित किया है। पुलिस विदेशी नंबरों की पड़ताल के साथ आवाज संदेशों की वैज्ञानिक जांच करा रही है।

### अब सबसे बड़ा सवाल

यह है कि धमकी के पीछे वास्तव में कोई अंतरराष्ट्रीय गिरोह है या फिर इंदौर में बैठा कोई व्यक्ति बड़े गैंगस्टर का नाम लेकर वसूली का खेल चला रहा है। कारोबारी की निजी जानकारी आरोपियों तक कैसे पहुंची, यह भी जांच का अहम बिंदु है।

# निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया पर मुकदमे का रास्ता साफ




विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

**हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज की, अब निचली अदालत में चलेगा आपराधिक प्रकरण**

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने कटनी की निलंबित नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया को बड़ा झटका दिया है। अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। फैसले के बाद अब उनके खिलाफ निचली अदालत में आपराधिक मुकदमा चलने का रास्ता साफ हो गया है। मामले में पच्चीसिया की ओर से एफआईआर को चुनौती देते हुए अदालत से राहत मांगी गई थी। हालांकि हाईकोर्ट ने उपलब्ध तथ्यों और मामले की परिस्थितियों को देखते हुए एफआईआर रद्द करने से इनकार कर दिया। इस फैसले के बाद अब प्रकरण की आगे की कानूनी कार्रवाई निचली अदालत में होगी। हाईकोर्ट के निर्णय से यह भी स्पष्ट है कि इस स्तर पर आरोपी पक्ष को एफआईआर से राहत नहीं मिली है। अब मुकदमे की अगली प्रक्रिया और निचली अदालत में होने वाली सुनवाई पर निगाह रहेगी।

# जज बोले- मर्सिडीज से आते हैं!

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

**मद्रास हाईकोर्ट में कम्युनिस्ट सांसद सु. वेंकटेशन की टिप्पणी पर नाराजगी, महंगी कार और जीवनशैली को लेकर जज ने उठाए सवाल।**

मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जीआर स्वामीनाथन ने कम्युनिस्ट सांसद सु. वेंकटेशन की ओर से की गई टिप्पणी पर नाराजगी जताई। अदालत में जज ने सांसद की महंगी मर्सिडीज-बेंज कार, ब्रांडेड कपड़ों और प्रथम श्रेणी वातानुकूलित रेल यात्रा का



जिक्र किया। जज ने कहा कि सांसद मर्सिडीज से आते हैं और उन्हें न्याय का पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने अपनी यात्रा का उदाहरण देते हुए कहा कि वह स्वयं स्लीपर श्रेणी में सफर करते हैं, जबकि सांसद प्रथम श्रेणी में यात्रा कर रहे थे। मामला कथित तौर पर एक पुस्तकालय में फर्जी किताबों की खरीद से जुड़े विवाद से सामने आया। सांसद ने अदालत की टिप्पणी की आलोचना की थी, जिसके बाद सुनवाई के दौरान न्यायाधीश और सांसद के बीच यह विवाद चर्चा में आ गया। मामले में अब सवाल सिर्फ कथित फर्जी किताबों की खरीद का नहीं, बल्कि सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति की टिप्पणी और न्यायपालिका की प्रतिक्रिया को लेकर भी बहस तेज हो गई है।

# सेनाओं पर जासूसी का नया जाल

**वायुसेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित ने चेताया, हनी ट्रैप से आगे साइबर जासूसी और अंदरूनी खतरे भी बड़ी चुनौती।**

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने रक्षा क्षेत्र में बढ़ते जासूसी के खतरों को लेकर अहम जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अब जासूसी का दायरा पारंपरिक हनी ट्रैप तक सीमित नहीं है। साइबर माध्यमों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने रक्षा उद्योग से जुड़े संस्थानों और कर्मियों को सतर्क रहने की जरूरत बताई। साइबर हमलों के अलावा अंदरूनी खतरे भी संवेदनशील सूचनाओं की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में तकनीक पर बढ़ती निर्भरता के साथ संवेदनशील आंकड़ों और प्रणालियों को निशाना बनाने के प्रयास भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में कर्मचारियों की जागरूकता, साइबर सुरक्षा और गोपनीय सूचनाओं की सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। वायुसेना प्रमुख का संदेश साफ है—जंग अब सिर्फ सीमा पर नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी लड़ी जा रही है।



# 37 साल बाद फैसला: दूसरे पुरुष संग रहना संपत्ति अधिकार खत्म नहीं करता

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 37 साल पुराने संपत्ति विवाद में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि पति की मृत्यु के बाद किसी दूसरे पुरुष के साथ रहने मात्र से विधवा महिला का पहले पति की संपत्ति पर उत्तराधिकार समाप्त नहीं हो जाता। सतना से जुड़े इस मामले में अदालत



ने निचली अदालतों के फैसलों को बरकरार रखा। अदालत ने माना कि केवल किसी अन्य पुरुष के साथ रहने के आधार पर महिला को पहले पति की संपत्ति से मिले कानूनी अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। फैसले ने लंबे समय से चले आ रहे विवाद पर विराम लगाते हुए विधवा के संपत्ति अधिकार को लेकर महत्वपूर्ण कानूनी स्थिति स्पष्ट की है।

# 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' के विमोचन में अखिलेश यादव से लेकर थलपति विजय तक कई प्रमुख चेहरे नजर आए

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

**सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' के विमोचन का कार्यक्रम राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा का विषय रहा। कार्यक्रम में विपक्ष के कई प्रमुख नेता और सार्वजनिक जीवन से जुड़े चेहरे शामिल हुए।**

इस मौके पर सोनिया गांधी ने अपने जीवन से जुड़े कई अनुभव और अनसुने किस्से साझा किए। किताब में उनके निजी जीवन, परिवार, राजनीति



में सफर और भारत से उनके जुड़ाव के कई पहलुओं को जगह दी गई है। कार्यक्रम में अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी नेता नजर आए। तमिल अभिनेता और तमिलगा वेत्री कझगम के प्रमुख थलपति विजय की मौजूदगी ने भी लोगों का ध्यान खींचा। किताब के विमोचन के दौरान नेताओं की मुलाकात और मंच से जुड़े दृश्य सोशल मीडिया पर भी चर्चा में रहे। आयोजन ने एक बार फिर विपक्षी नेताओं की एकजुट मौजूदगी को सुर्खियों में ला दिया।

# प्रदूषण पर शिवराज का दो टूक बयान

**किसानों को कटघरे में खड़ा करना गलत, प्रदूषण के लिए कई कारण जिम्मेदार**



दिल्ली के बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के बचाव में बड़ा बयान दिया है। पंजाब के लुधियाना में उन्होंने कहा कि दिल्ली के प्रदूषण के लिए किसानों को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने को प्रदूषण का एकमात्र कारण बताना सही तस्वीर नहीं पेश करता। शिवराज के बयान से दिल्ली के प्रदूषण पर चल रही सियासी बहस फिर तेज हो सकती है। हर साल सर्दियों में दिल्ली-एनसीआर की हवा जहरीली होने के साथ ही पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने का मुद्दा राजनीतिक बहस के केंद्र में आ जाता है। किसानों का तर्क है कि पराली प्रबंधन की पर्याप्त व्यवस्था और आर्थिक मदद के बिना उन्हें दोषी ठहराना आसान रास्ता है। वहीं प्रदूषण विशेषज्ञ लंबे समय से वाहनों, निर्माण कार्य, औद्योगिक उत्सर्जन और मौसम संबंधी परिस्थितियों को भी प्रदूषण बढ़ने के प्रमुख कारणों में गिनाते रहे हैं।

# रोहित पवार के आरोपों पर सत्यजीत तांबे का पलटवार, बोले- राजनीति में मर्यादा जरूरी

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

**अजित पवार विमान हादसे पर आरोपों से महाराष्ट्र की सियासत गरमाई, तांबे ने कहा-बिना ठोस आधार फडणवीस को जोड़ना गलत**

**अजित पवार की विमान दुर्घटना को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर विमान संचालक कंपनी वीएसआर वेंचर्स के मालिक वी.के. सिंह को बचाने का आरोप लगाया था।**

हालांकि रोहित पवार ने साफ किया कि वे फडणवीस पर हादसा कराने या साजिश में शामिल होने का आरोप नहीं लगा रहे हैं। अब निर्दलीय विधान परिषद सदस्य सत्यजीत तांबे ने रोहित पवार को घेरा है। तांबे ने कहा कि बिना ठोस आधार किसी दुखद हादसे को फडणवीस से जोड़ना गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण



है। उन्होंने रोहित को सलाह दी कि राजनीतिक महत्वाकांक्षा स्वाभाविक है, लेकिन उसके लिए राजनीतिक और व्यक्तिगत सीमाएं नहीं लांघनी चाहिए। तांबे ने कहा कि सार्वजनिक बयान देने से पहले मुद्दे की गंभीरता, समय और संभावित परिणामों पर विचार होना चाहिए। उनका सीधा संदेश था—राजनीति में जल्दबाजी नहीं, संयम, अध्ययन और निरंतरता काम आती है। उधर फडणवीस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर विमान हादसे की जांच जल्द पूरी कराने और रिपोर्ट जारी करने की मांग की है।

# नीतीश सेतु पर तेज प्रताप का मोर्चा, बोले- सब लालू की राजनीतिक फैक्ट्री की उपज

**पीएम मोदी के उद्घाटन से पहले नामकरण पर सियासत तेज, तेज प्रताप ने पुल का नाम लालू यादव के नाम पर रखने की मांग की**

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

**बिहार में कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल के नामकरण को लेकर सियासत तेज हो गई है। करीब 19.76 किलोमीटर लंबे इस पुल को राज्य सरकार ने 'नीतीश सेतु' नाम दिया है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 नवंबर को इसका उद्घाटन करेंगे। परियोजना की लागत करीब 4,988 करोड़ रुपये बताई गई है। अब जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने नामकरण को लेकर मोर्चा खोल



दिया है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव पूरे देश के जननेता हैं और मौजूदा राजनीतिक चेहरे उसी राजनीतिक धारा की उपज हैं। तेज प्रताप ने मांग की कि पुल का नाम उनके पिता लालू प्रसाद यादव के नाम पर रखा जाना चाहिए। दिलचस्प यह है कि इस पुल के श्रेय को लेकर पहले से ही भाजपा-जदयू और राजद आमने-सामने हैं।

नीतीश समर्थक इसे नीतीश कुमार की पहल और लंबी राजनीतिक मेहनत का परिणाम बता रहे हैं, जबकि राजद नेता अपने शासनकाल और निर्माण प्रक्रिया में अपनी भूमिका गिना रहे हैं।

अब पुल तैयार है, उद्घाटन होने वाला है, लेकिन बिहार में असली लड़ाई पुल पर चलने वाले वाहनों की नहीं, उसके नाम पर मिलने वाले राजनीतिक श्रेय की है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक संदीप परमार द्वारा उदयरत्न ऑफसेट 170/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड, उज्जैन से मुद्रित एवं 215, सोमानी नगर, एयरपोर्ट 60 फीट रोड, इंदौर (म.प्र.) 452005 से प्रकाशित।
सनातन दवदी (स्थानीय संपादक)/ उत्कर्ष जैन-(जीवन डोडिया-9926084685) RNI No. MPHIN/25/A4357- (सभी विवादों का क्षेत्र इंदौर रहेगा)- (नोट : पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)-मो. 7000928755 E-mail:- vishwanathsamachar@gmail.com